www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान


1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
27 दिसंबर 2025, नई दिल्ली\नोएडा

वर्ष 90, अंक 308, 18 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण

मोहन भागवत बोले, विज्ञान और धर्म के बीच कोई संघर्ष नहीं P-11



# यमुना सिटी में प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर इकाई शुरू होगी

**उम्मीदें 2026**

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर इकाई का संचालन नववर्ष में होने जा रहा है।

इसके लिए एचसीएल एवं फॉक्सकोन के संयुक्त उपक्रम वामा सुंदरी को सेक्टर-28 में 48 एकड़ भूमि आवंटन की तैयारी है, जिसे अगले कुछ ही दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। यह उत्तरप्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर इकाई होगी। इससे क्षेत्र में 3706 करोड़ का निवेश आएगा।

यमुना सिटी में उत्तर प्रदेश का पहला सेमीकंडक्टर पार्क प्रस्तावित है। वामा सुंदरी को 48 एकड़ भूमि आवंटन का प्रस्ताव केंद्र से भी पास हो चुका है। कंपनी एयरपोर्ट के पास सेमीकंडक्टर असेंबलिंग और टेस्टिंग प्लांट लगाएगी। परियोजना से करीब 3780 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

**प्रशासनिक भवन का शुभारंभ होगा :** यमुना सिटी के सेक्टर-28 में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस के प्रशासनिक भवन एवं विभिन्न फैसिलिटी सेंटर का शुभारंभ जनवरी 2026 में ही प्रस्तावित है। पार्क का प्रशासनिक भवन बनकर तैयार है, साथ ही सात कंपनियों का निर्माण भी चल रहा है। वहीं, एक कंपनी में सितंबर 2025 से ही रक्त संबंधी उपकरण का उत्पादन जारी है। करीब 350 एकड़ में बन रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में अबतक 101 से अधिक भूखंडों का आवंटन हो चुका है।

**46 नए सेक्टर विकसित होंगे:** यमुना विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान 2041 के अंतर्गत 46 नए सेक्टर का सर्विस मास्टर प्लान तैयार कराएगा। इसके लिए भी कंसल्टेंट कंपनी के चयन के लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक मास्टर प्लान 2031 के अंतर्गत यीडा क्षेत्र में 52 सेक्टरों को विकसित किया गया है, जो कि अब मास्टर प्लान-2041 में कुल 98 हो गए हैं। इनमें 46 सेक्टर नए हैं, जिनमें भूमि का आवंटन किया जा रहा है।

**अवासीय भूखंड योजना आएगी:** शहर में औद्योगिक से लेकर आवासीय भूखंड योजना भी शुरू होगी। सबसे अहम न्यूनतम आय वर्ग के लोगों के लिए 40 वर्गमीटर के भूखंड की योजना आएगी। इसमें चार हजार के करीब भूखंड होंगे, इतने ही भूखंडों पर सेक्टर-5 में योजना आएगी।



**37** सौ करोड़ से सेमीकंडक्टर की इकाई लगेगी, क्षेत्र में निवेश आएगा

**48** एकड़ भूमि आवंटन का प्रस्ताव केंद्र से भी पास किया जा चुका

## शिक्षण संस्थानों के शुरू होने की उम्मीद

यमुना सिटी का सेक्टर-17ए और 22ई को शैक्षिक हब के रूप में विकसित होंगे। एयरपोर्ट आने से यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। शहर में वर्ष 2013 में संस्थागत भूखंडों का आवंटन हुआ था, लेकिन अभी तक एक भी शिक्षण संस्थान शुरू नहीं हो पाया है। नववर्ष पर पहले शिक्षण संस्थान के शुरू होने की भी उम्मीद है।

"यमुना सिटी में बुनियादी विकास ढांचे से लेकर आवासीय व औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए काम हो रहे हैं। नववर्ष में इन कार्यों में तेजी आएगी, साथ ही प्रदेश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण शुरू होगा। **–आरके सिंह,** सीईओ यीडा

## किसानों को 64.7% मुआवजा मिलेगा

जेपी इंफ्राटेक के करीब 10 हजार किसानों को नए साल में 64.7 प्रतिशत मुआवजा वितरित किया जाएगा। इसके अलावा शहर में प्रस्तावित, जापानी, कोरियन, फिनटेक व फिल्म सिटी का काम शुरू होने की भी उम्मीद है। साथ ही प्राधिकरण करीब छह हजार किसानों को सात प्रतिशत आबादी भूखंड देने की तैयारी में भी जुटा है।